दिनांक 21.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के संबंध में समीक्षा बैठक निगम महापौर देवेन्द्र यादव, निगम आयुक्त श्री के.एल. चौहान की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इस मिशन के तहत् बिन्दुवार जानकारी प्राप्त की अधिकरियों के जवाब से महापौर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इस कार्य में रैंकिग बढ़ाने हेतु वार्डवार सूची तैयार करने के निर्देश समस्त जोन आयुक्त को दिये स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े अधिकरी, कर्मचारियों को स्पष्ट तौर पर निर्देश देते हुए कहा कि भिलाई की रैंकिंग को बढ़ाना है रैकिंग बढ़ाने के लिए निम्न बिन्दुओं पर अपनी कार्य योजना तैयार कर मुझे एवं आयुक्त महोंदय को सूची देंवे। क्यू.सी.आई. टीम का निरीक्षण अतिशीघ्र होने वाले हैं।

स्वच्छता ऐप डाउनलोड कराने के संबंध मे, निगम महापौर एवं आयुक्त ने उपस्थित समस्त अधिकारी व कर्मचारियों, प्रत्येक जोन को लक्ष्य निर्धारित किया गया रैकिंग बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रतियोगिता जैसे– होटल, हॉस्पिटल, विद्यालय/महाविद्यालय, बाजार एवं अन्य विषय पर पृथक से आदेश एवं कार्यक्रम तालिका जारी की गई है का आयोजन शासन के निर्देशानुसार किया जाना है।

जोनवार निर्धारित ओडी स्पाट का सतत् निरीक्षण के लिए वार्डवार नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं, प्रतिदिन सुबह 5 बजे से ओडीएफ स्थल का जो नगर निगम भिलाई द्वारा चिन्हित किया गया है का निरीक्षण करें, डोर टु डोर डिब्बे का वितरण के संबंध में, डोर टु डोर 100 प्रतिशत कचरे का संग्रहण एवं पृथक्कीकरण कराना सुनिश्चित करें। स्कुलों में स्वच्छता कमेटी का गठन, चयनित स्वच्छता एम्बेसडों के माध्यम से स्वच्छता संबंधी गतिविधियां का आयोजन कराना, सिटी कम्पोस्ट के उपयोग हेतु कृषक सम्मेलन का आयोजन, सेनेटरी लैण्डफिल का निर्माण एवं उपयोग, ट्रेचिंग ग्राउण्ड का बायो रेमेडियेशन, सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालयों का संधारण एवं नई सुविधा, लिंग के अनुकुल, बच्चों के अनुकुल, शारीरिक रुप से दिव्यांग के लिए सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था, सभी सार्वजनिक सह सामुदायिक शौचालयों में विकलांग लिखा हुआ है उसे दिव्यांग लिखा जावे, सामुदायिक सह सार्वजनिक शौचालयों में पानी, बिजली, रोशनदान, बाल्टी–मग एवं सीवरेज लाईन की व्यवस्था, कचरा संग्रहण स्थलों (जी.वी.पी.) का विलोपन एवं सफाई के पूर्व और सफाई के बाद की फोटोग्राफ को कोलाज बनाकर स्वास्थ्य विभाग को भेजें साथ ही निगम महापौर एवं आयुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन को लेकर अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

बैठक में निगम महापौर देवेन्द्र यादव, निगम आयुक्त के.एल. चौहान, स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, महापौर परिषद के सदस्य चुम्मन देशमुख, अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, राजस्व अधिकारी एच.के. चन्द्राकर, सहित समस्त जोन के आयुक्त, सहायक यंत्री, उपयंत्री, स्वच्छता निरीक्षक, सहित स्वच्छ भारत से जुड़े अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी